

# 14 संचार के साधन

मैच शुरू होने वाला है– संजना ने कहा।

रमा ने पूछा– कौन सा मैच ?

गुरमीत ने कहा– अरे, आज कबड्डी का फाइनल मैच है।

चलो, हम सभी लोग चेतन के घर में मैच देखते हैं–रजिया बोली।

सभी दोस्तों ने अपना काम खत्म किया। ये चेतन के घर मैच देखने पहुँच गए। टेलीविजन पर मैच 4 बजे शुरू हुआ। सब बहुत खुश और उत्साहित हैं।

बच्चे मैच देख ही रहे थे कि अचानक बिजली कट गई। सभी परेशान हो गए अब कैसे देखा जाए ? संजना ने चेतन से कहा–तुम अपने चाचा से कहो कि वे अपने मोबाइल में मैच दिखाएँ। चेतन के चाचा बच्चों को मोबाइल पर मैच दिखाने लगे।


संजना ने कहा– कितना छोटा–छोटा दिखाई दे रहा है। टेलीविजन पर देखना कितना मजेदार था।

सब एक साथ बोले– मैच तो देख रही हो। यह क्या कम है।

फाइनल मैच में भारत की टीम जीत गई। सभी बच्चों ने खुशियाँ मनाईं। उन्होंने चाचा को धन्यवाद दिया। फिर सब अपने–अपने घर को चले गए।

बताओ–

- बच्चे क्यों खुश एवं उत्साहित हैं ?
- उन्होंने मैच कैसे देखा ?
- बिजली कट जाने पर मैच कहाँ देखा ?
- टेलीविजन नहीं था तब हम मैच के बारे में कैसे जानते थे ?




## तरह–तरह के संचार के साधन

संचार के साधनों के जरिए हम घर बैठे ही दूर–दूर के लोगों से जुड़ते हैं। टेलीविजन, रेडियो, समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, टेलीफोन, कम्प्यूटर, मोबाइल फोन आदि संचार के साधन हैं। इनसे हमें कई तरह की जानकारी या सूचनाएँ मिलती हैं–

- अपने देश और दूसरे देशों की घटनाओं की जानकारी
- मौसम के बारे में जानकारी
- खेती के बारे में जानकारी
- मनोरंजन के कार्यक्रम–कार्टून, फिल्म, संगीत, धारावाहिक।
- खेल से संबंधित कार्यक्रम।
- सीखने–सिखाने संबंधी शैक्षिक कार्यक्रम।

एक स्थान से दूसरे स्थान तक संदेश या सूचना को पहुँचाने के माध्यम को संचार के साधन कहते हैं। ये सूचनाएँ बातचीत द्वारा प्राप्त होती हैं, लिखित रूप में मिलती हैं तथा चित्र के रूप में भी हो सकती हैं।

### चिट्ठी से मोबाइल तक



क्या तुम्हें पता है कि बहुत समय पहले अपनी बात दूसरों तक पहुँचाने के लिए संदेशवाहक होते थे, जो संदेश को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते थे।संदेश पहुँचाने के लिए कबूतर का प्रयोग किया जाता था। इस तरह से संदेश भेजने में बहुत समय लगता था। धीरे–धीरे चिट्ठी द्वारा संदेश भेजा जाने लगा।

इस कार्य के लिए डाकिया होते हैं जो किसी चिट्ठी या पत्र को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं। चिट्ठी द्वारा भी संदेश भेजने में समय लगता है। आज टेलीफोन और मोबाइल फोन के प्रयोग से यह कार्य आसान हो गया है।





टेलीफोन के द्वारा हम घर बैठे बहुत दूर तक अपने सगे– संबंधियों या दोस्तों से बातचीत कर सकते हैं। इसी तरह मोबाइल फोन को हम एक जगह से दूसरी जगह ले जा सकते हैं और अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी बातचीत कर सकते हैं।

आज मोबाइल फोन का प्रयोग केवल बात करने में नहीं होता बल्कि हम इसके माध्यम से कई तरह के कार्य कर सकते हैं जैसे–



- लिखित संदेश भेज सकते हैं।
- चित्र के रूप में संदेश भेज सकते हैं।
- फोटो व वीडियो बना सकते हैं।
- कई तरह की सूचनाएँ प्राप्त कर सकते हैं, जैसे– खेल, शिक्षा, रोजगार इत्यादि।

आज कम्प्यूटर का प्रयोग सूचना देने व लेने में बहुत ज्यादा हो रहा है। ई–मेल द्वारा हम एक बार में बहुत लोगों को संदेश पहुँचा सकते हैं।


*साथियों से चर्चा करो –*

- चार या पाँच लोग आपस में बातचीत कर रहे हैं। तभी वहाँ किसी के मोबाइल पर फोन आया। वह मोबाइल से वहीं पर जोर–जोर से बातें करने लगा। यह ठीक है या नहीं ? क्यों ?

- अस्पताल में लोग मरीजों को देखने आते–जाते हैं। वहाँ पर किसी के मोबाइल पर फोन आने पर उसे क्या करना चाहिए ?

देखो और पता करो –

दूरदर्शन और रेडियो पर अनेक शैक्षिक कार्यक्रम आते हैं। पता करो, ऐसे कार्यक्रम कब आते हैं ? उसे देखो, सुनो और समझो।



चित्र देखो और नीचे दी गई तालिका में संचार के साधनों के नाम लिखो–

| पढ़ने वाले साधन | सुनने वाले साधन | देखने व सुनने वाले साधन |
|---|---|---|
| | | |

अपने शिक्षक या बड़ों से पता करो –

- आपके आसपास डाकघर कहाँ है ?

- डाकघर में किस तरह की चिट्ठियाँ (पत्र) आती हैं ?
- पत्र पेटिका क्यों लगाई जाती हैं?
- चिट्ठियाँ एक जगह से दूसरी जगह कैसे पहुँचती हैं ?
- चिट्ठियाँ हमारे पास कौन पहुँचाता है ?



ध्यान रखो –

संचार के साधन हमारे बहुत काम आते हैं लेकिन इनका प्रयोग करते समय कुछ सावधानियाँ अवश्य रखें–

- सड़क पर चलते या सड़क पार करते समय मोबाइल फोन पर बात न करें।
- रेडियो या टेलीविजन तेज आवाज़ में न चलाएँ। तेज आवाज़ से दूसरों को परेशानी हो सकती है।
- टेलीविजन बहुत पास से न देखें। पास से देखने पर आँखें खराब हो सकती हैं।

* यदि सम्भव हो तो बच्चों को नजदीक के डाकघर का भ्रमण कराएँ या किसी डाकिया से बातचीत कराएँ।

## अभ्यास

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

(क) संचार के साधन किसे कहते हैं ?

(ख) संचार के साधनों के लाभ लिखो।

(ग) किन्हीं दो संचार साधनों के नाम एवं उनकी उपयोगिता लिखो।
(घ) डाकिया के क्या कार्य होते हैं ?

2. सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (x) का निशान लगाओ–

(क) सड़क पर चलते या पार करते समय मोबाइल फोन पर बात करनी चाहिए। ( )
(ख) टेलीविजन बहुत पास से नहीं देखना चाहिए। ( )
(ग) रेडियो बहुत तेज आवाज में सुनना चाहिए। ( )
(घ) कम्प्यूटर से संदेश भेजने में देरी होती है। ( )

3. सोचो और लिखो–

(क) टेलीविजन (टी०वी०) में कौन–कौन से कार्यक्रम आते हैं ?
(ख ) तुम्हें कौन सा कार्यक्रम देखना पसंद है और क्यों ?
(ग) तुम्हारे भाई या बहन को क्या पसंद है ? उनसे पूछकर लिखो।

4. शुभकामना संदेश बनाओ–

(क) अपने शिक्षक के लिए शिक्षक दिवस पर।
(ख) अपने दोस्त के लिए जन्मदिन पर।